समय-समय पर मूल्यांकन और रणनीतिक क्रियान्वयन जरूरी

- आइआइएम रांची में मैनेजमेंट कॉन्क्लेव-23 की शुरुआत

रांची. आइआइएम रांची में शुक्रवार को मैनेजमेंट कॉन्क्लेव-23 की शुरुआत हुई. विभिन्न औद्योगिक संस्थान के प्रतिनिधि शामिल हुए. निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव ने कहा कि प्रबंधक का काम संस्था के व्यवसाय में नवाचार को बढ़ावा देते हुए कर्मियों को दक्ष बनाना है. इससे कार्यक्षेत्र में कर्मी बेहतर तौर-तरीके को अपना सकेंगे. मुख्य अतिथि मेकन के निदेशक कॉमर्शियल संजय कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को संस्था के विकास में प्रबंधन कौशल की भूमिका पर चर्चा की. पहले सत्र में कैपिटल वन के इंडिया हेड परमवीर सिंह नारंग, केपीआइएल के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट नारायण राव के, डिलॉएट के निदेशक एचआर कंसल्टिंग वामसी करवादी ने प्रतिभा अधिग्रहण पर विचार रखा. उन्होंने कहा कि खुद के विकास के लिए समय-समय पर मूल्यांकन और रणनीतिक क्रियान्वयन करना जरूरी है. वहीं, दूसरे सत्र में टार्गेट के वरीय निदेशक डाटा साइंस रोहित पुन्नोस ने रिटेल उद्योग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती उपयोगिता और इसकी चुनौतियों के बारे में बताया. इसके अलावा एवरेस्ट ग्रुप के युगल जोशी, फिनोलेक्स के वाइस प्रेसिडेंट अशोक जायसवाल ने प्रबंधन क्षेत्र के बदलते परिवेश से रूबरू कराया.

Prabhat Khabar_30.09.2023_Pg. 09